## खबर संक्षेप

### अमर शहीद वीर शंकर प्रसाद पटेल स्मृति क्रिकेट टूनामेंट: चौथा दिन रहा उत्साह से भरपूर

**मैहर**।अमर शहीद वीर शंकर प्रसाद पटेल जी की स्मृति में आयोजित भव्य क्रिकेट टूनामेंट के चौथे दिन का शानदार आगाज़ हुआ। मुख्य अतिथियों में ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ.पीयूष पाण्डेय, नगर पालिका अध्यक्ष संतोष सोनी,भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोरेलाल पटेल,और वरिष्ठ पत्रकार रमा कांत दुवे शामिल रहे,जिन्होंने मैच का शुभारंभ किया। इस दिन कुल चार मैच खेले गए जिसमें कई टीमों ने जीत हासिल की। पहले मैच में खेरवासनी ने टाइगर क्लब को,दूसरे मैच में टिस्किली खुर्द ने भटगवा को हराया।तीसरे मैच में अमदरा कॉलेज ने नयागांव पर और दिन के चौथे मुकाबले में अमदरा टीम ने पकरिया पर शानदार जीत दर्ज की।मुख्य अतिथि डॉ.पीयूष पाण्डेय ने शहीद पटेल जी को याद करते हुए सभी टीमों के प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर अनेक गणमान्य अतिथि और अमदरा क्षेत्र के सदस्य उपस्थित रहे,जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

### दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण 17 दिसम्बर से 3 जनवरी तक

**सतना**। म.प्र.शासन पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण 17 दिसम्बर 2025 से 3 जनवरी 2026 तक चलाया जायेगा। जिसमें पशुपालकों के सामाजिक, आर्थिक उत्थान,तकनीकी जागरूकता तथा आय दो गुना करने के लिए नवाचार की श्रृंखला में कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस के मार्गदर्शन पर प्रारंभ किया जा रहा है। उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग सतना डॉ.एपी सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत प्रशिक्षित सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी,मैत्रीगौसेवक,पशुसखी,दुग्ध सहकारी समिति के कार्यकर्ता, 5 से 9 गाय एवं भैंस पालने वाले पशुपालकों से भेंटकर पशुओं को नस्ल सुधार (सेक्स सर्टिड सीमन) से कृत्रिम गर्भाधान,पशु पोषण तथा पशु स्वास्थ्य के बारे में तथा उन्नत तकनीक से पशुपालन हेतु जागरूक किया जायेगा। इसके लिए जिले में मास्टर ट्रेनर द्वारा 148 प्रशिक्षणार्थियों को अभियान का प्रशिक्षण दिया गया है। जिले में एक कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसमें अभियान के दौरान कठिनाईयों का समधान किया जा सकेगा।

# कड़ी चौकसी के बावजूद रेल मार्ग बना तस्करों का 'सेफ पैसेज', खाने-पीने की आड़ में पटना पहुंच रही शराब की बड़ी खेप!

सतना



बिहार की राजधानी पटना तक अवैध शराब और मादक पदार्थों की तस्करी के लिए रेल मार्ग इन दिनों तस्करों का सबसे आसान और सुरक्षित रास्ता बन चुका है। कड़ी सुरक्षा और निगरानी के बावजूद भी,गांजा के साथ-साथ अब अवैध शराब की बड़ी खेप लगातार ट्रेन के जरिए पटना भेजी जा रही है। सूत्रों के मुताबिक,यह अवैध कारोबार पिछले कई सालों से बदस्तूर जारी है,जो रेलवे के सुरक्षा तंत्र पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

### वेंडरों की 'सेटिंग' से तस्करी को मिल रहा बल

इस पूरे अवैध नेक्सस की परतें खोलते हुए सूत्रों ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। अवैध धंधे में लिप्त तस्करों की गहरी 'सेटिंग' उन वेंडरों से है जो ट्रेनों में खाने-पीने की सामग्री बेचने का काम करते हैं। इन वेंडरों के सहयोग से ही शराब की बड़ी-बड़ी खेप को बड़ी आसानी से गंतव्य तक पहुंचाया जा रहा है। इस सांठगांठ के कारण तस्करों को अपने अवैध माल को ढोने में जरा भी समस्या नहीं हो रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि आरपीएफ और जीआरपी की कड़ी चौकसी के बावजूद भी तस्कर बेखौफ होकर इस धंधे को अंजाम दे रहे हैं। सालों से फैला यह जाल स्पष्ट संकेत देता है कि या तो सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी खामी है,या फिर इस नेक्सस को तोड़ने के लिए जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### पिछले दिनों हुई थी कार्रवाई,पकड़ी गई थी शराब की बड़ी खेप

तस्करी के इस नेक्सस का खुलासा पिछली एक कार्रवाई से भी होता है। हाल ही में,आरपीएफ और जीआरपी ने संयुक्त रणनीति बनाकर सतना स्टेशन पर दानापुर जा रही स्पेशल ट्रेन को चेक किया था। जांच के दौरान,ट्रेन के एसी-टू कोच एच-1 की बर्थ नंबर 8 और 9 पर यात्रा कर रही दो युवतियों के बैग की तलाशी ली गई थी। उनके सामान से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की बोतलें बरामद हुईं, जिसके बाद 23 और 24 वर्ष की इन दोनों युवतियों को गिरफ्तार किया गया।यह घटना दर्शाती है कि तस्करी के तरीकों में बदलाव आया है,लेकिन रेल मार्ग पर अवैध कारोबार पर लगाम लगाना अभी भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। इस पूरे नेटवर्क में शामिल तस्करों और सहयोग करने वाले रेलवे कर्मचारियों की पहचान कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करना नितांत आवश्यक है।

# बेस्ट माइंड ऑफ़ सतना 2025: ज्ञान और उत्साह का सफल आयोजन



**सतना**। अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब परिवार सतना द्वारा आयोजित प्रियांशु खुराना स्मृति-बेस्ट माइंड ऑफ़ सतना 2025 प्रतियोगिता का भव्य समापन सरस्वती उ.मा.विद्यालय में हुआ। पब्लिक इमेज चेयरमैन हरिओम गुप्ता ने बताया कि इसमें 550 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि अलोक सिंह,अभिजीत पांडेय और आशीष नौटियाल ने बच्चों के ज्ञान की प्यास को सराहा। क्विज़ मास्टर मनविंदर ओबेरॉय और अर्पित बड़ेरिया के नेतृत्व में यह आयोजन ज्ञान की ऊर्जा से गूंज उठा। विजेता: सीनियर वर्ग: समीक्षा बघेल और सागर गौतम (सेंट माइकल) जूनियर वर्ग: सृजन सिंह और निपुन प्रकाश पाण्डेय (सेंट माइकल) क्लब अध्यक्ष डॉ.सुनील अग्रवाल और मंत्री पवन सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में प्रतिस्पर्धात्मक सोच को बढ़ावा देना है।

# आग लगने से किसान की पूरी गृहस्थी स्वाहा,शॉर्ट सर्किट की आशंका



**सतना**। उचेहरा थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव में शनिवार देर रात एक किसान के घर में अचानक आग लग गई। हादसे में घर में रखा अनाज,कपड़े और घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। आग लगने के वक्त परिवार घर में ही सो रहा था। आग से किसान को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार,किसान सतानंद पटेल के कच्चे मकान में देर रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगते ही परिजनों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। कच्चा मकान होने के कारण आग तेजी से फैल गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की,लेकिन तब तक घर में रखा पूरा घरेलू सामान जलकर खाक हो चुका था। पीड़ित के अनुसार अनाज,कपड़े और रोजमर्रा का सारा सामान नष्ट हो गया।

### शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि, इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना की सूचना मिलते ही उचेहरा थाना पुलिस और पटवारी मौके पर पहुंचे। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# घर में घुसा रोड रोलर, ड्राईवर के साथ मारपीट: मैहर के बठिया गांव में हाई-वोल्टेज ड्रामा



सतना/मैहर।

मैहर जिले के नादन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बठिया में रविवार दोपहर एक अनियंत्रित रोड रोलर सड़क किनारे स्थित एक कच्चे मकान में जा घुसा। इस घटना में मकान की दीवार ढह गई, हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी को चोट नहीं आई है।

### मारपीट और हर्जाना वसूली का आरोप

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,दुर्घटना होते ही मकान मालिक जान मोहम्मद और शेख सलीम के परिवार वाले आक्रोशित हो गए। उन्होंने रोड रोलर के ड्राइवर को पकड़कर उसके साथ जमकर मारपीट की।

ग्रामीणों के हवाले से यह भी बताया गया है कि,ड्राइवर के साथ मारपीट करने के बाद,मकान मालिकों ने अधिक हर्जाना वसूलने की मंशा से रोड रोलर को जानबूझकर और अधिक धक्का देकर घर के भीतर तक धकेल दिया,ताकि नुकसान को बढ़ाकर पेश किया जा सके।

### प्रशासन मौके से नदारद

घटना के बाद से ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा है,लेकिन खबर लिखे जाने तक न तो स्थानीय पुलिस और न ही कोई प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा है। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस और प्रशासन के हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

# मैहर में दर्शनार्थियों से भरी कार और ट्रैक्टर की भीषण भिड़ंत, 4 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल

**मैहर-कटिया के बाद सड़क हादसा,तेज रफ्तार की वजह से हुआ हादसा**



मैहर

मैहर-कटिया मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश से मैहर दर्शन करने आ रहे चार श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब दर्शनार्थियों से भरी एक तेज रफ्तार कार और एक ट्रैक्टर की आमने-सामने की टक्कर हो गई। मिली जानकारी के अनुसार,उत्तर प्रदेश के निवासी ये सभी श्रद्धालु मैहर देवी के दर्शन के लिए आ रहे थे। बताया जा रहा है कि हादसा कार की तेज रफ्तार के कारण हुआ,जिसके चलते कार चालक नियंत्रण खो बैठा और सामने से आ रहे ट्रैक्टर से जा टकराया। भिड़ंत इतनी ज़बरदस्त थी कि कार में सवार सभी चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल मैहर सिविल अस्पताल भेजा गया,जहाँ उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मामले की जाँच शुरू कर दी है।

# उचेहरा में श्रीमद्भागवत कथा का मंगल शुभारंभ: भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई



**मैहर**। धर्म और आस्था के केंद्र खेरमाई मंदिर उचेहरा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महा पुराण कथा का रविवार को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ मंगल शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा किला मैदान परिसर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों,बाजारों तथा चौराहों से गुजरी और भागवत कथा स्थल पर संपन्न हुई। शोभायात्रा में 108 महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में मंगल कलश धारण किया हुआ था,जो इस धार्मिक आयोजन की पवित्रता को दर्शा रहा था। डीजे और बैंड-बाजे की मधुर धुन पर श्रद्धालु जय श्रीराम और राधे-कृष्ण के जयकारे लगाते हुए,भजन गाते और भाव-विभोर होकर नृत्य करते चल रहे थे। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कथा का महात्म्य जगतगुरु स्वामी जयराम देवाचार्य महाराज बखान करेंगे।कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शुरू होगी,जिसके लिए धर्मप्रेमी बंधुओं से कथा श्रवण कर पुण्यलाभ अर्जित करने आह्वान किया गया है।

# चित्रकूट की सड़क पर सीवर लाइन में वाहन धंसा, आवागमन प्रभावित



**सतना**। चित्रकूट शहर के प्रमुख मार्ग पर रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया,जब सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़क पर एक चलते हुए वाहन का पिछला चक्का अचानक धंस गया। घटना चित्रकूट मुख्य बाजार के समीप हुई। गनीमत रही कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई,लेकिन सड़क पर बड़ा गड्ढा होने से आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार,सीवर लाइन बिछाने के बाद सड़क की मरम्मत सही ढंग से नहीं की गई थी,जिसके कारण मिट्टी धंस गई। पुलिस और नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची है और वाहन को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। यातायात को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया गया है।

# काशी हिंदू विश्वविद्यालय से मिली शास्त्री की उपाधि

**ओम महाराज के शिक्षा और संस्कृत धर्म विज्ञान के क्षेत्र में उनके समर्पण का प्रतीक है**



**मैहर**। पौड़ी धाम के पीठाधीश्वर और राज धर्मगुरु सूरज शरण शुक्ला महाराज के सुपुत्र,शास्त्री ओम महाराज को काशी हिंदू विश्वविद्यालय से 'शास्त्री' की उपाधि से नवाजा गया है। वर्तमान में वे इसी प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में अध्ययनरत हैं। उन्हें यह उपाधि संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय के संकाय प्रमुख राजाराम शुक्ला और संपूर्ण आनंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति बिहारी लाल शर्मा के कर कमलों द्वारा प्रदान की गई। यह उपाधि ओम महाराज के शिक्षा और संस्कृत धर्म विज्ञान के क्षेत्र में उनके समर्पण का प्रतीक है। इस उपलब्धि से मैहर पौड़ी धाम और उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। इस सम्मान ने न केवल ओम जी महाराज का,बल्कि मैहर क्षेत्र का भी गौरव बढ़ाया है।

# कोहरे की आगोश में शहर: मौसम ने बदली करवट, विज़बिलिटी कम होने से सड़कों पर बढ़ी परेशानी

**आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट आ सकती है**



**सतना**। दिसंबर के दूसरे सप्ताह में मौसम ने अचानक करवट बदली है। 14 दिसंबर की सुबह घने कोहरे के साथ हुई,जिसके चलते लोगों की दैनिक दिनचर्या प्रभावित हुई। आसमान में बादल छाए रहने और कम विज़बिलिटी (दृश्यता) के कारण वाहन चालकों को दोपहर तक गाड़ी चलाने में काफी दिक्कत महसूस हुई।

### तापमान में गिरावट का पूर्वानुमान

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार,शनिवार (13 दिसंबर) की रात न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस और दिन का अधिकतम तापमान 25.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वहीं,14 दिसंबर को अधिकतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने पूर्व अनुमान जारी करते हुए बताया है कि आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट आ सकती है। इसके अलावा,सोमवार को भी सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।

### खेतों की सिंचाई से बढ़ी नमी

मौसम वैज्ञानिक आर.के. श्रीवास्तव के अनुसार,खेतों में फसलों की सिंचाई किए जाने के कारण मौसम में नमी बढ़ गई है। इसी नमी के कारण आसमान में बादल छाए हुए हैं और कोहरा भी छाया हुआ है। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि फ़िलहाल नमी के चलते घना कोहरा छा सकता है,किंतु हाल के दो-चार दिनों में बारिश होने के कोई संकेत नहीं मिले हैं।

**एसआईआर में राजनैतिक दलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण: कमिश्नर**

# एसआईआर द्वितीय संशोधित कार्यक्रम पर राजनैतिक दलों के साथ समन्वय बैठक

मैहर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एस आई आर) के द्वितीय संशोधित कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मैहर में आयोजित की गई। बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद,कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मैहर रानी बाटड़, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजना जैन,डिप्टी कलेक्टर आशिमा पटेल, एसडीएम मैहर दिव्या पटेल,अमरपाटन डॉ.आरती सिंह,रामनगर एसपी मिश्रा, विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल,जिला अध्यक्ष



कमलेश सुहाने,बीजेपी विश्वनाथ सिंह तिवारी,उत्तम साकेत बहुजन पार्टी,कांग्रेस अखिल मिश्रा,आम आदमी पार्टी पुष्पेंद्र सिंह सहित तीनों ब्लॉक के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि शुद्ध,निष्पक्ष एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूत नींव होती है। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया पूरी तरह से मतदाता सूची की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य में राजनैतिक दलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और सभी मान्यता प्राप्त दल अपने बूथ लेवल एजेंटों(बीएलए) के माध्यम से इस प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मैहर रानी बाटड ने कहा कि बीएलओ,पर्यवेक्षकों एवं अन्य निर्वाचन अमले ने मैदानी स्तर पर सक्रिय रहकर मतदाता सूची को शुद्ध करने का सतत प्रयास किया है।आगामी चरणों में दावा-आपत्ति की प्रक्रिया और भी महत्वपूर्ण है। इस दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि का समय पर सुधार किया जाए।

### नवीन मान्यता/नवीनीकरण के आवेदन 31 दिसम्बर तक

**सतना**। जिला परियोजना समन्वयक ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत सत्र 2026-27 के लिए प्रायवेट स्कूलों की नवीन मान्यता,नवीनीकरण मान्यता आवेदन 4 दिसम्बर 2025 से प्रारंभ हो गई है। ऐसे समस्त प्राइवेट स्कूल जिनकी मान्यता अवधि 31 मार्च 2026 को समाप्त हो रही है। वे आगामी शैक्षणिक सत्र में स्कूल संचालन के लिए मान्यता नवीनीकरण का आवेदन कर सकेंगे। यदि कोई रजिस्ट्रीकृत संस्था आगामी शैक्षणिक सत्र में नवीन अशासकीय स्कूल संचालन करना चाहती है वे सभी निर्धारित प्रक्रिया अनुसार मान्यता आवेदन कर सकते है। ऐसी अशासकीय शालाएं जो सत्र 2025-26 में मान्यता का नवीनीकरण किन्हीं कारणों से मान्यता का नवीन/नवीनीकरण आवेदन नहीं कर पाये थे। अब वे मान्यता का नवीन/नवीनीकरण आवेदन विलंब शुल्क के साथ मान्यता नवीनीकरण का आवेदन कर सकते हैं। मान्यता आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई है।

## खबर संक्षेप

### शराब के नशे में सड़क पर पड़े व्यक्ति को कार ने रौंदा, मौके पर मौत

**अमानगंज।** गहदरा ग्राम में दर्दनाक सड़क हादसे में 40 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान पूरन पिता भोला गोंड (उम्र लगभग 40 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक शराब के नशे में सड़क पर पड़ा हुआ था, तभी तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उसे रौंद दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। यह घटना शनिवार की रात 8रू00 बजे की बताई जा रही है वहीं रविवार को दोपहर 11रू00 से 12रू00 के बीच मृतक का पोस्टमार्टम हुआ पुलिस द्वारा वाहन चालक की तलाश की जा रही है तथा मामले की जांच जारी है। उल्लेखनीय है कि केनदृबेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत पहाड़ी क्षेत्र के गांवों में विस्थापन के एवज में मुआवजा मिलने के बाद कुछ नवयुवक एवं अधेड़ शराब के नशे में अक्सर चूर रहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इसी लापरवाही और नशे की आदत के चलते इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं।

### श्री मढ़ेश्वर धाम में चल रही 108 दिवसीय अखंड रामधुन संकीर्तन महायज्ञ



**अमानगंज।** पन्ना जिले के गुनौर नगर के समीप स्थित प्राचीन मंदिर श्री मढ़ेश्वर धाम में चल रही 108 दिवसीय अखंड सीताराम संकीर्तन रामधुन निरंतर 1 नवम्बर से एकादशी से प्रारंभ हुई यह धार्मिक कार्यक्रम में धार्मिक आस्था का संगम देखने को मिल रहा है रामधुन कार्यक्रम में दूर दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे है यह धार्मिक आयोजन पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल में रंग रहा है मैदानी संवाददाता अनुज कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि यह रामधुन कार्यक्रम 45 दिनों से निरंतर चल रहा है प्रतिदिन अलग अलग गांव से मढ़ेश्वर महादेव मंदिर पहुंच कर रामधुन का आनंद लेने के लिए लोग आ रहे है जन और विश्व कल्याण की कामना को लेकर हजारों श्रद्धालु महादेव की आस्था में भाव विभोर दिख रहे है कार्यक्रम का समापन शिवरात्रि 15 फरवरी को विशाल भंडारे के साथ होगा ।

### सड़क किनारे पेड़ से महिला का शव बरामद



**अजयगढ़।** नगर के वार्ड क्रमांक 10 में सड़क किनारे लगे चिल्ला पेड़ से एक महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा कार्रवाई की। महिला की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है और मौत के कारण भी अज्ञात बताए जा रहे हैं।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और सभी संभावित पहलुओं की जांच की जा रही है।

### दनवारा खेल प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य शुभारंभ, ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच



**पन्ना।** सिमरिया तहसील अंतर्गत ग्राम दनवारा इन दिनों खेल गतिविधियों को लेकर सुर्खियों में है। भारतीय थल सेना में पदस्थ सूबेदार पुष्पेंद्र तिवारी के गांव दनवारा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी खेल प्रतियोगिता 2025-26 का शुभारंभ दनवारा खेल मैदान में बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना प्रभारी सिमरिया श्री जगतपाल सिंह तथा विशिष्ट अतिथि तहसीलदार सिमरिया श्री सुमित तिवारी की उपस्थिति में किया गया। अतिथियों एवं दनवारा के गणमान्य नागरिकों द्वारा रिबन काटकर प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया गया। तहसीलदार सिमरिया श्री सुमित तिवारी ने कहा कि वे इस क्षण का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। पिछले वर्ष भी वे सूबेदार पुष्पेंद्र तिवारी द्वारा आयोजित खेल कार्यक्रम में सम्मिलित हुए थे और ग्रामीण स्तर पर ऐसे आयोजनों को प्रतिभा निखारने का सशक्त माध्यम बताया। थल सेना में पदस्थ सूबेदार पुष्पेंद्र तिवारी ने बताया कि इस वर्ष प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर, 1000 मीटर एवं 5000 मीटर दौड़, भाला फेंक, गोला फेंक, ऊंची कूद, लंबी कूद, वॉलीबॉल, बैडमिंटन एवं क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## एक करोड़ 56 लाख से अधिक की अवार्ड राशि पारित, 941 व्यक्ति लाभांवित

# नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन

**राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शनिवार को जिला न्यायालय सहित पवई एवं अजयगढ़ न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया।**




**पन्ना।**

पन्ना में प्रभारी प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुशवाह ने मां वीणावादिनी एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन कर लोक अदालत का शुभारंभ किया। इस मौके पर नेशनल लोक अदालत में राजीनाम योग्य अधिकाधिक प्रकरणों का निराकरण कर पक्षकारों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया से मुक्त करवाने के लिए प्रयास करने का आह्वान किया गया। प्रकरणों के निराकरण के लिए कुल 12 खण्डपीठ का गठन किया गया था। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ ने बताया कि लोक अदालत में लंबित प्रकरणों के निराकरण के साथ प्रि-लिटिगेशन के कुल 319 प्रकरणों का निराकरण कर समझौता राशि 40 लाख 51 हजार 818 रूपए का अवार्ड पारित किया गया। इसी तरह 194 लंबित प्रकरणों के निराकरण के साथ एक करोड़ 15 लाख 84 हजार 755 रूपए समझौता राशि का अवार्ड पारित किया गया। कुल 941 व्यक्ति लाभांवित हुए। नेशनल लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय रूपेश शर्मा, जिला न्यायाधीश सुरेन्द्र मेश्राम एवं अरविंद शर्मा, जेएमएफसी बिंदु पटेल, इकरा मिन्हाज, भूपेन्द्र सिंह,श्वेता आर्य एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन सहित जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश तिवारी, अधिवक्ता शांति मिश्रा, सुरेन्द्र सिंह परमार, महेन्द्र द्विवेदी, लीगल एड डिफेन्स काउंसिल चीफ आनंद त्रिपाठी, डिप्टी चीफ करण सिंह, पवन कुमार पाण्डेय, असिस्टेंट विजयलक्ष्मी भी उपस्थित रहीं।




## देवेंद्रनगर बांध में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव तैरते हुए मिला परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया

**एक सप्ताह में दूसरी बार शव मिला**



**देवेंद्रनगर।**

पन्ना जिले के देवेंद्रनगर थाना अंतर्गत बांध में 23 वर्षीय विवाहिता भारती विश्वकर्मा पति विनोद विश्वकर्मा निवासी शिवराजपुर जिला सतना का संदिग्ध परिस्थितियों में शव पानी में तैरते हुए मिलने से सनसनी फैल गई। जब सुबह रहवासी बांध की ओर गए तो उन्होंने शव को पानी में तैरते हुए देखा ।तत्काल इसकी सूचना डायल 112 को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रामआसरे सोनकर मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला। वहीं इस घटना के बाद मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया। मृतिका की मां द्वारा जानकारी देते हुए कहा कि मेरी बेटी को सुसराल पक्ष की ओर से लगातार प्रताड़ति किया जा रहा था वहीं उक्त मृतिका देवेंद्रनगर बांध में कैसे पहुंची और उसके द्वारा यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया गया यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद एवं पुलिस द्वारा विवेचना के बाद ही घटना का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है।

## पवई के महाराजा छत्रसाल मैदान में सांसद खेल महोत्सव में पहुंचे खजुराहो सांसद

# खिलाड़ियों से मुलाकात कर किया प्रोत्साहित

**पवई।**

सांसद खेल महोत्सव भारत में सांसदों द्वारा अपने- अपने संसदीय क्षेत्र में आयोजित एक खेल प्रतियोगिता है,जो युवाओं में खेल को बढ़ावा देने और फिट इंडिया मूवमेंट को समर्थन देने के लिए है, जो ग्रामीण से लेकर लोकसभा स्तर तक होती है,जिसमें फुटबॉल कबड्डी,बैडमिंटन,एथलेटिक्स, खो-खो,बॉलीबॉल, टेबिल टेनिस और अन्य खेल शामिल हैं । इस सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य युवाओं को खेल में भाग लेने और अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करना,साथ ही फिटनेस और खेल संस्कृति को बढ़ावा देना। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं ग्रामीण,ब्लॉक, विधानसभा और लोकसभा स्तर पर आयोजित की जाती है। इसी के तहत रविवार को पवई के महाराजा छत्रसाल खेल मैदान में 14 और 15 दिसंबर को सांसद खेल महोत्सव के तहत खेलों का आयोजन किया गया,जिसमें विधानसभा से कल्दा,रैपुरा शाहनगर,सिमरिया अन्य स्थानों की टीमों ने विभिन्न प्रकार के खेलों में भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा भी खेल मैदान



पहुंचे जहां दीप प्रज्वलन के साथ खेल महोत्सव का शुभारंभ किया ,इसके बाद उनके द्वारा खिलाड़ियों से मुलाकात करते हुए खेलो के प्रदर्शन को देखा गया और साथ ही खिलाड़ियों को आगे भी खेलते रहने और अपने देश प्रदेश सहित अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष सदानंद गौतम, राम बिहारी चौरसिया, जयप्रकाश चतुर्वेदी ,सुशील त्रिपाठी,जिला पंचायत अध्यक्ष मीना पुष्पराज राजे,जनपद पंचायत अध्यक्ष मोहनी आनंद मिश्रा, जिला महामंत्री दीपेंद्र सिंह,जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा भास्कर पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया,श्रीमती देवी खटीक, श्रीमती रूप नगायच, श्रीमती शारदा पाठक, पूर्व मंडल अध्यक्ष गुलाब मधु सोनी, नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत ,अरुण चौरसिया, पुष्पेंद्र पटेल, जमुना खटीक,अजीत बढौलिया, आशुतोष श्रीवास्तव, सी बी गौतम कान्हू राजा ,अरुण नगायच , प्रतीक ताम्रकार आर पी बागरी, कमलेश तिवारी, प्रदीप मिश्रा, भरत पांडेय, प्रदीप पटेल, आर के नगायच प्राचार्य , सुखसागर कुंअर, अनिल पटेल, रघुवीर तिवारी , रविशंकर सिंह, सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता खेल शिक्षक एवं विभिन्न खेलों के खिलाड़ी मौजूद रहे।

## सीसी सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप शिकायतकर्ता को सरपंच ने दी जान से मारने की धमकी

**सीएम हेल्पलाइन 181 की शिकायत वापस लेने का बना रहा दबाव, मोबाइल कॉल रिकॉर्डिंग साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत करने की बात**



**पन्ना।**

पन्ना जिले के पवई जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कृष्णगढ़ में स्वीकृत सीसी सड़क निर्माण अधूरा छोड़ने का मामला अब गंभीर रूप लेता जा रहा है। सड़क निर्माण की शिकायत सीएम हेल्पलाइन 181 में दर्ज कराने वाले युवक को ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा कथित रूप से गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप सामने आया है। पीड़ति ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पन्ना को लिखित आवेदन देकर सरपंच के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम कृष्णगढ़ निवासी लोकेंद्र सिंगरौल उर्फ हल्के राजा ने अपने आवेदन में बताया है कि वार्ड क्रमांक 19 में रज्जू बानिया के घर से कटरा मोहल्ला तक सीसी सड़क निर्माण दिनांक 25 जनवरी 2025 को स्वीकृत किया गया था। लेकिन ग्राम पंचायत के सरपंच सुनील रैकवार द्वारा केवल एक चौथाई सड़क का ही निर्माण कराया गया और उसके बाद कार्य बंद कर दिया गया। सड़क निर्माण लंबे समय से अधूरा पड़े होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी को लेकर लोकेंद्र सिंगरौल ने सीएम हेल्पलाइन 181 में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप है कि शिकायत दर्ज होने के बाद से सरपंच लगातार शिकायत वापस लेने का दबाव बना रहा है। पीड़ति के अनुसार, दिनांक 6 दिसंबर 2025 को रात करीब 8 बजे सरपंच ने मोबाइल फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मां-बहन की गालियां दीं और शिकायत वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी दी। लोकेंद्र का कहना है कि उक्त बातचीत की रिकॉर्डिंग उसके मोबाइल में मौजूद है, जिसे वह जांच के दौरान साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत करना चाहता है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि यह कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि सरपंच द्वारा आए दिन गाली-गलौज की जाती है और शिकायत वापस लेने के लिए मानसिक दबाव बनाया जाता है। पीड़ति का कहना है कि इस तरह की धमकियों से वह और उसका परिवार भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं। पीड़ति लोकेंद्र सिंगरौल ने पुलिस अधीक्षक पन्ना से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर ग्राम पंचायत कृष्णगढ़ के सरपंच सुनील रैकवार के खिलाफ गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोपों में आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए, ताकि उसे न्याय मिल सके।

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के कार्यालय में पेंशनर्स संघ की बैठक संपन्न

**पन्ना।**

जिला पंचायत के बगल में दिनांक 14.12,2025 को स्थित प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के कार्यालय में पेंशनर्स संघ की बैठक संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की दिनांक 17 दिसंबर को पेंशनर्स डे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाए जिसमे एसे पेंशनर्स जिनकी आयु 80 वर्ष या उससे अधिक हो गई है और जिनका पूर्व वर्षों में संगठन द्वारा सम्मान नहीं हो पाया है उनका सम्मान किया जाएगा अतः ऐसे पेंशनर से अनुरोध है की उक्त दिनांक 17/12/2025 के एक दिन पूर्व आधार कार्ड लेकर साथ पेंशन कार्यालय में उपस्थित होकर जमा करें एवं जिले के सेवानिवृत कर्मचारी एवं अधिकारी उक्त दिनांक 17 दिसंबर को



अधिक से अधिक संख्या में जिला पंचायत कार्यालय परिसर में उपस्थित होकर कार्यक्रम को गरिमामय में बनाते हुए सफल बनाये आजकी बैठक में उपस्थित पेंशनर्स निम्न प्रकार रहे मुरारी लाल थापक संतोष मिश्रा गणेश प्रसाद जड़यिा अरुण कुमार मिश्रा कैशव प्रसाद मिश्रा श्री राम रिछारिया कालीचरण अहिरवार देवी प्रसाद साहू राजेंद्र सिंह राकेश जैन अनिल जैन अरविन्द खरे पी एन खरे स्वामी प्रसाद जड़यिा बी एल चौवे एल के श्रीवास्तव राजेंद्र बुंदेला श्री रामेश्वर प्रसाद खरे जीतेन्द्र श्रीवास्तव एल ले बाजपेयी रामहेत साहू स्वामी प्रसाद गंगेल दिनेश पाठक जगदीश प्रसाद खरे लल्लू लाल शर्मा कमलेश जैन महेश सिंह परमार देवी दीक्षित किशोरी श्रीवास्तव प्रकाश गुप्ता शामिल रहे।

## विश्व दिव्यांग दिवस पर जनपद शिक्षा केन्द्र पन्ना में आयोजित हुयी विभिन्न प्रतियोगितायें








**पन्ना।**

राज्य शिक्षा केन्द्र के जारी कार्यक्रम के अनुरूप विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में जनपद शिक्षा केन्द्र पन्ना द्वारा विकासखण्ड स्तरीय दिव्यांग खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 13 दिसम्बर 2025 को किया गया जिसमें विकासखण्ड के विभिन्न विद्यालयों से दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़ बालक सीनियर ग्रुप में प्राथम पवन गौड, द्वितीय लवकुश वंशकार तृतीय दुर्गेश 100 मीटर दौउ बालिका सीनियर ग्रुप में प्रथम कृष्णा पटेल द्वितीय लक्ष्मी पटेल 100 मीटर दौड बालक जूनियर ग्रुप में प्रथम सत्यम कोरी द्वितीय मोनू वंशकार तृतीय उमंग द्विवेदी 100 मीटर दौड बालिका जूनियर ग्रुप में प्रथम रूचि कुशवाहा द्वितीय तस्लम बानो तृतीय मानसी आदिवासी।

**नीबू दौड़ में:-** जूनियर बालक प्रथम चंचल कोंदर द्वितीय रोहित अहिरवार तृतीय चिराग पटेल जूनियर बालिका प्रथम प्रांशी आदिवासी द्वितीय प्रांशी चौधरी तृतीय मानसी आदिवासी सीनियर बालक प्रथम चंद्रदल लोधी द्वितीय नरेन्द्र आदिवासी तृतीय अंश

**कुर्सी दौड में:-** बालिका - प्रथम लक्ष्मी पटेल द्वितीय कृष्णा पटेल तृतीय रूचि कुशवाहा बालक - प्रथम मोनू वंशकार द्वितीय पवन गौड तृतीय सुमित चमार दृष्टिबाधिक बच्चों के लिये मटकी फोड प्रतियोगिता में सीनियर - प्रथम धनीराम वंशकार जूनिय - राहुल चौधरी द्वितीय अंश सिंगरौल तृतीय अंश अहिरवार

**सांस्कृतिक प्रतियोगिता में:-** गायन में सीनियर ग्रुप में मोन चौधरी प्रथम जूनियम - प्रथम राहुल चौधरी द्वितीय अंश सिंगरौल तृतीय यशराज

**कविता पाठ में:-** जूनियर प्रथम तस्लीम बानो द्वितीय पार्थ साहू तृतीय रानी गौड सीनिय प्रथम महेश्वरीदीन अहिरवार द्वितीय शोभित कोरी तृतीय आदित्य इसके अलावा विशेष प्रशिक्षित शिक्षकों की ब्रेनलिपि एवं सांकेतिक भाषा प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें रवि यादव प्रथम सुजात मालिया द्वितीय तथा वैभव मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया उपरोक्त आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री अजय गुप्ता जिला परियोजना समन्वयक सम्मिलित थे संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन बीआरसीसी डॉ0 कविता त्रिवेदी के निर्देशन में बीएसी रवि डनायक, देवेश शर्मा, ज्योति सक्सेना, ज्योति शर्मा, मनीष दुबे के साथ साक्षरता समन्वयक विजय मिश्रा, इरफान खान एम आर सी रविन्द्र पटेल आकांक्षा वमा्र और कुलदीप त्रिवेदी के साथ शिक्षकगण सुनील पाण्डे, धन प्रसाद शर्मा राकेश मिश्रा, दीपक रैकवार, समिता जैन, अनीता चौबे, तरन्नुम खान, सुधीर द्विवेदी, इन्द्रपाल बागरी, आनंद जेन, जसवंत सिंह सलीम खान एवं विमला सिंह का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये डॉ0 कविता ने सभी कर्मचारियों के प्रति धन्यवाद के साथ जिला परियोजना समन्वयक का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में दिव्यांग छात्रों के गायन ने सभी का मनमुग्ध कर दिया पुरूस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में प्रत्येक बच्चे को पुरूस्कार के साथ लंच पैकेट की व्यवस्था भी की गई थी।

## दिया पंचायत में पहली बार भव्य फाइनल मैच का आयोजन, हजारों दर्शकों की मौजूदगी में हरद्वाही टीम बनी विजेता





**पन्ना।** दिया ग्राम पंचायत के नव-निर्मित प्लेग्राउंड में आज फाइनल क्रिकेट मैच का भव्य आयोजन बड़े उत्साह और रोमांच के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन दिया पंचायत में पहली बार हुआ, जिसको लेकर पूरे क्षेत्र में खासा उत्साह देखने को मिला। हजारों की संख्या में दर्शक पहाड़ी खेड़ा क्षेत्र से पहुंचकर इस ऐतिहासिक आयोजन के साक्षी बने। फाइनल मुकाबला पहाड़ीखेड़ा और हरद्वाही टीम के बीच खेला गया। मैच के अंतिम ओवर तक रोमांच चरम पर रहा, जहां एक-एक गेंद पर खिलाड़ियों ने जबरदस्त जुझारूपन दिखाया। बेहद करीबी मुकाबले में हरदोई टीम ने दो रन से जीत दर्ज कर विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि पहाड़ी खेड़ा टीम को उपविजेता से संतोष करना पड़ा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच श्री राम शिरोमणि सिंह लोधी (सरपंच, ग्राम पंचायत दिया) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री राम शिरोमणि सिंह (सरपंच प्रतिनिधि, पहाड़ी खेड़ा) तथा प्रमुख अतिथि के रूप में श्री देशपाल सिंह राजपूत (इंजीनियर) ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। पूरा नया खेल प्रांगण दर्शकों से खचाखच भरा रहा और पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। दर्शकों ने खिलाड़ियों का जोरदार उत्साहवर्धन किया। मैच के दौरान आनंद प्रताप सिंह ने बीच-बीच में अपने चुटकुलों से माहौल को और भी रोमांचक व मनोरंजक बनाए रखा। आयोजन में सरपंच प्रीमियर लीग के अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी, सचिव दिनेश सिंह, उप सचिव अश्विनी गौतम सहित शिवाकांत मिश्रा, विकास पांडे, सतीश लोधी, अरुणेंद्र द्विवेदी, विनोद द्विवेदी, रामखेलावन प्रजापति, सरपंच प्रतिनिधि वाला प्रसाद लोधी, दिनेश सिंह, तुलसीदास मिश्रा, सीताराम सिंगरौल, श्रीकृष्णा लोधी, जयपाल सिंह लोधी, राजाराम सिंह लोधी, हीरालाल लोधी, दादूराम गौतम, राम रुचि पांडे, संदीप द्विवेदी, दीपक पांडे, राज किशोर त्रिपाठी, अवधेश साहू, अरुणेंद्र मिश्रा, राम बहादुर लोधी, राधेश्याम, सुनील लोधी, अजय द्विवेदी, जोगिंदर पांडे, पुष्पेंद्र अहिरवार, मारिया अहिरवार, भैया राम लोधी सहित सैकड़ों प्रतिष्ठित नागरिक मौजूद रहे। आयोजन के सफल समापन पर अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीमों को बधाई दी और भविष्य में ऐसे और भी खेल आयोजनों के लिए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। यह टूर्नामेंट ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मंच देने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल साबित हुआ।

**खबर संक्षेप**

## संत सम्मेलन के साथ सम्पन्न हुई शिव कथा और महायज्ञ

**दमोह।** भंडारे के साथ शिवपुर रामलीला मैदान काशी में नव दिवसीय आयोजन सम्पन्न हुआ जिसमें अयोध्या, मथुरा और प्रयागराज से संत ,महंत ,मंडलेश्वर आए थे इस संत समागम में श्री महंत श्रीश्री भगवान वेदांताचार्य रसिक जी बताया कि हवन वातावरण व वायुमंडल शुद्ध होने के साथ व्यक्ति को आत्मिक बल भी प्रदान करता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनोवांछित फल प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। बही शिव कथा से जीव में भक्ति, जान व वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। धार्मिक आयोजनों से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। उहोंने भंडारे के प्रसाद का भी वर्णन किया और कहा कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है। पहला वर्ण प्र का अर्थ प्रभु, दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन , उसे हम सब प्रसाद कहते हैं। प्रसाद हर धार्मिक आगोजन या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन, बुद्धि व चित्त को निर्मल कर देता है। मनुष्य शरीर भी 'भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है। जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का ही अपमान होता है। भगवान को लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है। सनातन धर्म के प्रति उत्साह व्यक्त करते हुए बड़ी संख्या में जुटे 400 साधु-संतों का सम्मान और विदाई की गई इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और यज्ञ की पूर्णाहुति की उसके बाद उन्होंने महाप्रसाद ग्रहण किया। फलाहारी बाबा संत सेवा ट्रस्ट आश्रम के मंहत रामदास त्यागी एवं आयोजक विनोद कुमार दूबे के सहयोग से नौ दिनों तक धार्मिक अनुष्ठान कराया गया। जिसमें मंहत रामदास त्यागी ने महायज्ञ एवं संत समागम में उपस्थित मुख्य अतिथि जगतगुरु श्री संतोषाचार्य विष्णु संप्रदाय प्रमुख सहित बालकाचार्य जी महाराज भी रहे। जिसमें प्रमुख वक्ता स्वामी हर्षानंद, महंत श्री धनुर्धारी दास महाराज, श्री महंत तुलसी दास जी महाराज, खाक चौक पंच तेरा भाई त्यागी,महंत श्री राम दास हनुमान फाटक, डॉ महंत श्री श्रवण दास जी महाराज, महंत मोहन दास कोतवाल जी महाराज, महंत सुरेश दास जी कमलेश केशरी, कोषाध्यक्ष आनंद अववाल, आचार्य जितेन्द्र तिवारी शामिल रहे।

## ठंडी हवाओं से बढ़ी ठिठुरन, अलाव सहारा

**हरिभूमि न्यूज:हटा** दिसंबर के दूसरे सप्ताह में ठंड ने जोरदार वापसी की है। बर्फ सी ठंडक के साथ चल रही शीत हवाओं ने आम जनमानस को कंपकंपा दिया है। कड़ाके की ठंड से ठिठुरन बढ़ गई है। ठंड से बचने लोग गर्म कपड़ों से ढंके नजर आ रहे हैं। तापमान में आई भारी गिरावट से जनमानस ठिठुर रहे हैं। विगत कुछ दिनों से ठंडी हवाओं से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। रोंगटे खड़ा कर देने वाली ठंड ने लोगों की मुसीबत बढ़ा दी है। स्थिति ऐसी है कि जरूरी काम से घर से निकलते समय लोग पूरे शरीर को गर्म कपड़ों से ढंक रहे हैं। ठंड से बेहाल हुए लोग किसी तरह बचने का प्रयास कर रहे हैं। ठंड के साथ ही गर्म चाय, समोसे भजिये की बिक्री भी बढ़ गई है। दुकानों के सामने भी भीड़ नजर आ रही है। ठंड अब शीत लहर की जगह ले चुकी है। धीमी सर्द हवाओं ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। इस ठंड से अब धूप भी बेअसर साबित हो रही है।बाजार में गर्म और ऊनी कपड़ों की खरीदी भी बढ़ गई है। सुबह और शाम-रात्रि में वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिनभर शीतलहर से लोग ठिठुरते नजर आ रहे हैं। लगातार बढ़ रही सर्दी ने लोगों की दिनचर्या को बदल दिया है। सेहत के लिए अच्छा माना जाने वाला सर्दी का मौसम अब बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ पर भारी पड़ने लगा है। बच्चे सर्दी खासी के चपेट में आ रहे हैं।

# खजुराहो के गौतम होटल के कर्मचारियों की मौत का आंकड़ा 4 पर पहुंचा, लाईसेंस तत्काल प्रभाव से सस्पेंड

### अपर कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस के जबाब का आज आखिरी दिन



**छतरपुर।** जिले के खजुराहो गौतम होटल के कर्मचारियों का होटल में खाना खाने के बाद स्वास्थ्य विगडऩे और चार कर्मचारियों की दुखद मौत होने के मामले में कलेक्टर के निर्देशन मे सीएमएचओ डॉ. आर.पी. गुप्ता ने होटल का लाईसेंस तत्काल प्रभाव से जहां निलबिंत कर दिया है, वहीं कलेक्टर के निर्देशन में अपर कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी बेद प्रकाश चौबे को कारण बताओं नोटिस जारी किया है, और उनसे 15 दिसम्बर 2025 को शाम 4 बजे तक स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी बेद प्रकाश चौबे पर आरोप है कि बीआईपी मूवमेन्ट होने के बावजूद उनके द्वारा खाद्य पदार्थो की सेम्पलिंग की कार्यवाही में लापरवाही बरती गई। जबकि खजुराहो में उस दौरान बीआईपी अधिकारियो का भ्रमण था और पूरे मंत्रीमण्डल की बैठक थी। लेकिन उसी दौरान गौतम होटल के कर्मचारियों की खाना खाने से हालत खराब हुई और उन्हें तत्काल ग्वालियर रेफर किया गया। जिनमें से 3 कर्मचारियों की मौत उसी समय हो गई थी। और एक कर्मचारी की मौत अब होने पर प्रशासन ने सख्त रूख अपनाया है। हालांकि इस घटना को लेकर मृतकों के परिजनों ने खजुराहों में 2 दिन तक चक्काजाम व प्रदर्शन किया था। इस दौरान अपर कलेक्टर ने अपनी मां की कसम रखवाते हुए चक्काजाम करने बालों को चक्काजाम समाप्त करने और दोषियों पर कार्यवाही का आश्वासन दिया था।

कलेक्टर के निर्देश पर गौतम होटल के मृतक कर्मचारी हार्दिक सोनी पिता प्रभात सोनी निवासी बार्ड क्रं. 12 राजनगर की ग्वालियर में ईलाज के दौरान दुखद मौत होने पर मृतक के परिजनों को रेडक्रास सोसायटी से 20 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि तुरंत स्वीकृत कराई गई है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री सहायता कोष से अतिरिक्त अनुदान राशि प्रदान किए जाने हेतु प्रकरण शीघ्र प्रेषित करने के निर्देश भी दिए गए है, ताकि पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग मिल सके। प्रशासन इस तरह की संवेदन शील घटनाओं के लिए हर संभव मदद करने को तैयार है।

### वसूली में रहते मस्त, खाना पूर्ति के लिए लिए जाते सैम्पल -

हालांकि खाद्य सुरक्षा अधिकारी बेद प्रकाश चौबे को इस मामले में कारण बताओ नोटिस जारी करके प्रशासन ने खानापूर्ति करने का प्रयास किया है। जबकि खाद्य सुरक्षा अधिकारी बेद प्रकाश चौबे के विरूद्व कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए थी क्योंकि वह अपने दायित्वों का निर्वाहन सही ढंग से नही कर रहें है। खाद्य चीजों के मामले में बह बसूली में मस्त रहते है। और कभी सैम्पलिंग की कार्यवाही नही करतें है अभी तक का सरकारी रिकार्ड देखा जाए तो खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा जो सैम्पल लेकर भेजे गए है उनमें से अधिकांश सैम्पल सही पाए जाते है। जिसमें कही न कहीं उनकी मिलीभगत होने के आरोप लगते रहते है।



# नगर पालिका वाटिका में सफाई के बाद समाजसेवियों ने लगाए पौधे

**छतरपुर।** नगरपालिका वाटिका परिसर में राष्ट्रीय चेतना विकास मंच के संयोजक एवं पूर्व सीएमओ डी.डी. तिवारी के नेतृत्व में रविवार को सफाई एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुहम्मद आरिफ ने अशोक का पौधा लगाया। अध्यक्षता कर रहे मंदिर समिति के अध्यक्ष लखन शिवहरे ने पारिजात का पौधारोपण किया। वहीं विशिष्ट अतिथि पुजारी सुरेन्द्र तिवारी, कर्मयोगी संतोष गंगेले एवं आशा रूसिया ने अशोक व टिकोमा के पौधे रोपे। इस अवसर पर पूर्व हेडमास्टर एल. अहिरवार, पूर्व प्राचार्य डॉ. एल.एन. रावत तथा मोहम्मद उबेश सहित अन्य समाजसेवियों ने परिसर की सफाई की और पूर्व में लगाए गए पौधों में पानी डालकर उनका संरक्षण किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने लगाए गए पौधों की देखरेख एवं संरक्षण की जिम्मेदारी लेने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में स्वच्छता एवं हरियाली के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

## युवक पर हमला करने वाले 10 हजार के 6 ईनामी आरोपियों का कोतवाली टीआई ने निकाला जूलूस



**छतरपुर।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत पठापुर रोड़ में राज पाठक नामक युवक पर जानलेवा हमला करने बाले 6 आरोपियो पर पुलिस अधीक्षक ने 10 हजार रूपए का ईनाम घोषित किया था। जिन्हें कोतवाली टीआई अरबिंद दांगी ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर शहर में उनका जूलूस निकाला, जो 6 आरोपी गिरफ्तार किए गए है। उनमें मनीष कुशवाहा उर्फ चखना पिता चतुर, चन्दू उर्फ चिकुंल उर्फ चन्द्रप्रकाश कुशवाहा पिता हरदास कुशवाहा, भगवान दास उर्फ हल्के पिता बन्दीं कुशवाहा, रामप्रसाद उर्फ भज्जू कुशवाहा पिता बंदी कुशवाहा, पप्पू उर्फ हरदास कुशवाहा पिता बंदी कुशवाहा,पप्पू उर्फ हरदास कुशवाहा पत्नी सभी निवासी बार्ड क्रमांक 38 पठापुर रोड़ शामिल है। आरोंपियों के पास से लाठी डडे बरामद किए गए है आरोपी भज्जू मारपीट जैसे तीन चन्दू एवं चखना मारपीट जैसे दो और हल्के मारपीट के मामले में पहले से लिप्त है। आरोंपियो को न्यायालय पेश किया गया न्यायालय पेश करने से पहले पुलिस ने सभी आरोंपियो का जूलूस निकाला।

# 3 दिन से लापता व्यक्ति का कुएं में मिला शव, गांव में मातम पसरा

**घुवारा।** जिले के भगवां थाना क्षेत्र के ग्राम बाकपुरा में तीन दिनों से लापता परमनंदी यादव 48 वर्षीय का शव शनिवार की देर रात गांव के बाहर स्थित एक कुएं में मिला। शव मिलने की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गये।

जानकारी के मुताबिक परमनंदी यादव बीते तीन दिनों से लापता थे। परिजन लगातार उनकी तलाश कर रहे थे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया था। अचानक कुएं में शव मिलने की सूचना के बाद गांव में शोक का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही भगवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। शव बाहर आते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं भगवा पुलिस ने मौके पर पंचनामा बनाकर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और हर पहलू पर बारीकी से जांच जारी है।



### कैट एवं स्वदेशी जागरण मंच छतरपुर निकालेगी स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा

छतरपुर। स्वदेशी विषय को देश के आर्थिक भविष्य की बुनियाद मानते हुए, कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में पूरे मध्य प्रदेश में निकाली जा रही स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा का छतरपुर में भव्य आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा देश के हर नागरिक- चाहे वह किसी भी वर्ग, जाति, धर्म या राजनीतिक दल से संबंधित हो, को स्वदेशी अपनाने के लिए जागरूक कर रही है। आयोजकों ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे इस यात्रा से जुड़कर स्वदेशी संकल्प लें, ताकि देश आत्मनिर्भर बनते हुए दुनिया में अग्रणी राष्ट्र बन सके।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के जिलाध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने बताया कि कैट और स्वदेशी जागरण मंच छतरपुर आगामी 16 दिसंबर को को स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा छतरपुर जिले में प्रवेश करेगी और बमीठा, खजुराहो, राजनगर, गंज, बागेश्वर धाम होते हुए छतरपुर पहुंचेगी। छतरपुर में रात्रि विश्राम के बाद 17 दिसंबर की सुबह 9:30 बजे नंबर वन स्कूल से इस रथ यात्रा को नारंगी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यह रथ यात्रा शहर के डाकखाना चौराहा पहुंचकर संपन्न होगी। मध्यप्रदेश में निकाली जा रही इस रथ यात्रा के प्रदेश प्रभारी गोविंददास असाटी हैं। जिलाध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने सभी व्यापारी और शहरवासियों से अनुरोध किया है कि वे इस स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और स्वदेशी अपनाने के लिए जन-जनार्दन को जागरूक कर अपने देश को मजबूत बनाएं।

# छतरपुर पुलिस ने वाहन चालकों के लिए जारी की एडवाइजरी



**छतरपुर।** रविवार को सर्दी के इस सीजन में पहली बार छतरपुर शहर कोहरे की आगोश में समाया। सुबह करीब 9 बजे तक सड़कों पर घना कोहरा रहा, जिसके चलते वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसी बीच छतरपुर पुलिस ने घने कोहरे के कारण संभावित दुर्घटनाओं और असुविधाओं से बचने के लिए, छतरपुर पुलिस अधीक्षक द्वारा वाहन चालकों और आम जनमानस की सुरक्षा हेतु एक विस्तृत एडवाइजरी भी जारी की।

पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने द्वारा जारी की गई एडवाइजरी में सुरक्षित ड्राइविंग, सही हेडलाइट उपयोग और कोहरे की स्थिति में क्या करें और क्या न करें, इस पर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं। पुलिस ने लोगों से आग्रह किया है कि वे यात्रा से पहले मौसम की जाँच करें और सावधानी बरतते हुए धैर्यपूर्वक वाहन चलाएँ, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। एसपी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे यात्रा करने से पहले मौसम के पूर्वानुमान की जाँच करें, और यदि कोहरे की चेतावनी है, तो अपनी यात्रा को तब तक के लिए टाल दें जब तक कि यह साफ न हो जाए। श्री जैन ने निर्देश दिया है कि अगर आप कोहरे में गाड़ी चलाते हुए फंस जाते हैं, तो पूरी सावधानी से और धीरे-धीरे ड्राइव करें। उन्होंने स्पष्ट किया है कि अपने लो-बीम हेडलाइट्स का उपयोग करें, क्योंकि हाई बीम कोहरे में नमी की बूंदों को प्रतिबिंबित करते हैं, जिससे देखना कठिन हो जाता है। यदि वाहन में फॉग लाइट हैं, तो अपने लो-बीम के अलावा उनका भी इस्तेमाल करें। उन्होंने चालकों को धैर्य रखने, गुजरने, लेन बदलने और यातायात पार करने से बचने, तथा सुरक्षित दूरी बढ़ाने के लिए कहा है। चालकों को अपने वाहन में विकर्षणों (जैसे सेलफोन, संगीत) को कम करने और सड़क के बाएं किनारे का उपयोग गाइड के रूप में करने की सलाह दी गई है। श्री जैन ने सख्त निर्देश दिए हैं कि कोहरा इतना घना होने पर कि आगे बढऩा संभव नहीं है, तो सड़क से पूरी तरह हट जाएं और अपने वाहन को सुरक्षित पार्किंग क्षेत्र में रखें तथा इमरजेंसी फ्लैशर्स और पार्किंग लाइट्स चालू करें। उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि सड़क के यात्रा वाले हिस्से पर न रुकें और कोहरा छंटता प्रतीत होने पर भी अचानक गति न बढ़ाएं।

# राजनगर क्षेत्र ग्राम सलैया में लगाया गया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**राजनगर।** क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सलैया के रसगागर बुंदेलखंड मॉडल फार्म स्थल पर आसपास के ग्रामीणों और किसानों के लिए रविवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। उक्त स्वास्थ्य शिविर में शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. एच.एन.शर्मा, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ.विजय परमार तथा हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.ओ.पी.मोर द्वारा बड़ी संख्या में आए ग्रामीण मरीजों की नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक सलाह दी। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर में आए मरीजों को नि:शुल्क दवाओं का वितरण किया गया। यहां इलाज कराने आए ग्रामीणों ने बताया कि आसपास कोई अस्पताल ऐसा नहीं है जहां वे जाकर इलाज करवाएं, उन्हें इलाज के लिए छतरपुर जाना पड़ता है जहां उनका बहुत खर्च आता है। उन्होंने शिविर आयोजित करने वालों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने हमारे स्वास्थ्य की चिंता की है हम भगवान से प्रार्थना करते हैं कि वे ऐसे शिविर करवाते रहें। मौके पर मौजूद शिविर के संयोजक एस.के.चतुर्वेदी ने बताया कि ग्रामीणों के लिए ये स्वास्थ्य शिविर हर तीन महीने में आयोजित किया जाएगा। उक्त शिविर में लगभग 7 सौ से 8 सौ मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। गौरतलब है कि रसगागर प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्रोटियम ग्रीन्स प्रा.लि.द्वारा बुंदेलखंड के किसानों को जलवायु के आधार पर विभिन्न प्रकार की आधुनिक फसलों के उत्पादन हेतु प्रशिक्षण और सलाह दी जाती है,जिससे किसान अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकें।

## निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का दूसरा संशोधित कार्यक्रम जारी

छतरपुर।

भारत निर्वाचन आयोग के जारी पत्रानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का द्वितीय संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचक रजिसर्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहा. निर्वाचक रजिसर्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 48 महाराजपुर, 49-चंदला, 50 राजनगर, 51 छतरपुर, 52 बिजावर एवं 53 मलहरा जिला छतरपुर को जारी संशोधित कार्यक्रम अनुसार सभी आवश्यक कार्यवाहियां यथा समय में पूर्ण कराए जाने के संबंध में आदेश जारी किया है।

द्वितीय संशोधित कार्यक्रम अनुसार एन्यूमिरेशन पीरियड (गणना पत्रक) कार्य की समाप्ति 18 दिसंबर 2025 (गुरुवार) तक एवं मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण एवं पुनर्विन्यास 18 दिसंबर 2025 तक, कंट्रोल टेबल का अद्यतन एवं प्रारूप निर्वाचक नामावली का तैयार किया जाना 19 दिसंबर से 22 दिसंबर 2025 तक, प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 को होगा। एवं दावा एवं आपत्ति प्रस्तुत करने की अवधि 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक रहेगी। एवं नोटिस चरण (नोटिस जारी करना, सुनवाई, सत्यापन) एवं दावे-आपत्तियों का निस्तारण 23 दिसंबर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। वहीं निर्वाचक नामावली के स्वास्थ्य मापदंडों की जाँच एवं अंतिम प्रकाशन हेतु आयोग से अनुमति 17 फरवरी 2026 तक प्राप्त की जाएगी एवं अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को होगा।

# रुक्मणी निस्वार्थ भक्ति एवं प्रेम की अदम्य शक्ति का प्रतीक है - कौशिक जी

छतरपुर



चेतगिर कॉलोनी के श्री हनुमान मंदिर में चल रही भागवत कथा में रविवार को कथावाचक भगवती प्रसाद कौशिक जी ने कहा कि श्रीकृष्ण और रुक्मणी का मिलन एक निस्वार्थ भक्ति, प्रेम की अदम्य शक्ति, आदर्श समर्पण और धर्म की अंतिम विजय का प्रतीक है। आचार्य श्री कहते है कि रुक्मणी दूसरा नाम कृष्णात्मिका हैं अर्थात जो श्रीकृष्ण के हृदय में वास करती हैं। देवी रुक्मणी महालक्ष्मी होने के साथ-साथ प्रेम, भक्ति, साहस और दया की भी देवी हैं।

श्री कौशिक जी कहते हैं कि वह महालक्ष्मी का अवतार हैं और श्री कृष्णा नारायण का, नारायण लक्ष्मी के बिना अधूरे हैं जहां लक्ष्मी का वास नहीं वहां नारायण का भी वास नहीं। इसीलिए हम नारायण को श्री नारायण कहते हैं श्री अर्थात लक्ष्मी। अगर माता सीता राम के नाम का श्री हैं ठीक उसी प्रकार माता रूक्मणी भी कृष्ण के नाम का श्री हैं। रुक्मणी के कारण से हम कृष्णा को ''श्री कृष्णा पुकारते हैं।

कथा के अगले प्रसंग में श्री कौशिक जी कहते हैं कि विदर्भ देश की राजकुमारी रुक्मणी भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन नारद जी के मुख से सुनकर इतनी प्रभावित हुई कि उन्होंने मन ही मन श्रीकृष्ण को अपना पति स्वीकार कर लिया। यह प्रस्ताव ब्राह्मणों द्वारा द्वारिकाधीश के पास भेजा गया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया और वहां पहुंचकर, ब्राह्मणों को साक्षी बनाकर रुक्मणी के साथ विवाह किया।

आचार्य श्री कहते है कि रुक्मणी ने संदेश भेजकर न केवल अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय दिया, बल्कि अपने जीवन का नियंत्रण स्वयं अपने हाथों में लिया। उनका समपर्ण इतना पूर्ण था कि उन्होंने सामाजिक मापदण्डों को दरकिनार कर अपने प्रेम को पाने के लिए अपने आपको परवान करने की ठान ली। कथा के दौरान रुक्मणी-कृष्ण विवाह की अद्वितीय सचित्र झांकी भी भक्तों द्वारा प्रस्तुत की गई।

श्रीमद् भागवत कथा में सोमवार को सुदामा चरित्र, राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा एवं व्यास पूजन होगा। जो भक्तजन नियमित रूप से कथा का श्रवण नहीं कर पाए हैं वह अन्तिम दिवस की कथा सुनकर पूर्ण लाभ प्राप्त करते हुए कथा का आनंद लें सकते हैं।

**पर्यटन मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी करेंगे समारोह का उद्घाटन**

# खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल 16 से 22 दिसम्बर तक

**खजुराहो।** विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो में पिछले 10 वर्षो से आयोजित होने वाला खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म फेस्टिवल का ग्यारहवां संस्करण 16 दिसंबर से शुरू होकर 22 दिसंबर तक आयोजित होगा। खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव के संयोजक तथा प्रयास प्रोडक्शन के निदेशक राजा बुंदेला ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 वां आयोजन दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के शिल्पग्राम परिसर में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि 11वाँ फिल्म महोत्सव दिवंगत प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता धर्मेन्द्र तथा अभिनेता असरानी को समर्पित रहेगा,फेस्टीवल में मशहूर फिल्म अभिनेत्री हेमामालिनी के आने की संभावना हैं जो आकर्षण का केन्द्र होंगी। इस बार आयोजन में 7 टॉपरा टॉकीज बनाई जाएंगी इनमें से एक बमीठा में भी बनेगी। प्रतिदिन की शाम मंच पर शानदार कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस बार भी महोत्सव में देश-विदेश की फिल्मों का भी प्रदर्शन होगा जिसके लिए पहले की तरह टपरा टाकीजें भी तैयार की गई हैं जो महोत्सव में देश विदेश के कलाकारों और निमार्ताओं - निर्देशकों के साथ-साथ फ़िल्म प्रशंसकों,पर्यटकों तथा स्थानीय दर्शकों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहेंगी।

राजा बुन्देला ने बताया कि खजुराहो को सीधे मुम्बई से जोडऩे वाली कोई फ्लाइट नहीं होने के बाद फिल्म जगत के नामी-गिरामी सितारों और निमार्ता-निर्देशकों को लाना एक चुनौती रहता है, लेकिन वे इस आयोजन को प्रतिवर्ष कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं उन्होंने कहा कि इस आयोजन से बुंदेली जनता को भी मजा आने लगा है।

खजुराहो फिल्म फेस्टिवल से कई बुंदेली प्रतिभाओं की किस्मत बदल गई है, वे बहुत हद तक अपने उद्देश्य में सफल रहे हैं। गौरतलब है कि खजुराहो में शेखर कपूर, बोनी कपूर, चंद्रप्रकाश सिंह, मणिरत्नम जैसे फिल्मकार या तो रूचि ले रहे हैं या अपनी फिल्में यहां फिल्मांकित कर चुके हैं। ओरछा, चित्रकूट और खजुराहो आज मुंबईवा फिल्म जगत के लिए प्रिय डेस्टिनेशन बन चुके हैं। हिंदी फिल्मोद्योग का यही प्यार आज बुंदेलखंड के युवाओं के लिए न सिर्फ आजीविका का बड़ा आधार बन चुका है। यह बुंदेली रंगमंच, कला, साहित्य और सिनेमा से जुड़े प्रतिभावान युवाओं के लिए मंच बन चुका है।

## खबर संक्षेप

### बका लेकर घूम रहे दो युवकों को किया गिरफ्तार

**कटनी।** बका लेकर घूम रहे दो व्यक्तियों को बिलहरी चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी एसआई सुयश पाण्डेय को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति ग्राम जालासूर तिराहे व नैगवा रोड मे बका लहराकर लोगों को आतंकित कर रहे है जिसकी सूचना की तस्दीक हेतु टीम भेजी गई। उक्त व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया उक्त व्यक्तियो से उनका नाम पता पूछने पर अपना नाम मोहम्मद परवेज पिता बुलेट 31 साल व बबलू कुमार साह पिता अशोक साह 38 साल दोनों निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर थाना बरारी जिला कटिहार राज्य बिहार हाल मुकाम इंडिया होटल के पीछे शासकीय हाई स्कूल के पास कुठला का होना बताया। आरोपीयो का कृत्य धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत दंडनीय पाए जाने से उपरोक्त व्यक्तियो से अवैध बका मौके पर जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया व दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी सुयश पाण्डेय, प्रधान रक्षक व्यास गुप्ता, भरत विश्वकर्मा, संतोष प्रजापति, आरक्षक लव कुमार उपाध्याय, विकास कुमार, संदीप भलावी सैनिक धनेंद्र त्रिपाठी शामिल रहे।

### अधिकारियों की टीम ने लिये खाद्य पदार्थों के नमूने

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देश के परिपालन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की उड़नदस्ता टीम के द्वारा खाद्य विक्रय संस्थानों की जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी ने बताया कि जांच के दौरान उड़नदस्ता टीम द्वारा कटनी के सब्जी मंडी स्थित गोपाल डेयरी से पनीर एवं दही के नमूने जांच हेतु लिए गए। वहीं बरगंवा स्थित कान्हा डेयरी से दूध का सैंपल लिया गया। इसी प्रकार ग्राम खंजरी स्थित आटा मिल चैटरुमल नेचुमल फर्म का निरीक्षण कर यहां से जांच हेतु गेहूं का नमूना लिया गया। सभी नमूने राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे जा रहे हे। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अग्रिम कार्रवाई होगी।

### सारंगपुर स्टॉप डैम पर किया श्रमदान, जल संरक्षण का दिया संदेश

**हरिभूमि न्यूजः उमरियापान**

जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा अंतर्गत खंदवारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों द्वारा जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को सारंगपुर स्टॉप डैम पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान समिति सदस्यों ने बोरी बंधान कर पानी के संरक्षण एवं भू-जल स्तर बढ़ाने का प्रयास किया। समिति के

# मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में कर्मचारियों ने बहुत अच्छा कार्य किया है - सांसद

## छूटे हुए मतदाताओं के सत्यापन के लिए 16 और 17 दिसंबर को लगेगा शिविर

रीवा ।



कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में मतदाता सूची के करण पुनरीक्षण की समीक्षा की गई। बैठक में सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कठिन कार्य था। अधिकारियों और कर्मचारियों ने इसे पूरा करके सराहनीय कार्य किया है । राजनीतिक दल प्रशासन को इस कार्य में पूरा सहयोग करेंगे। बैठक में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण की समीक्षा करते हुए रीवा संभाग के कमिश्नर बी एस जामोद ने कहा कि मतदाताओं के सत्यापन का कार्य जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र में लगभग पूरा हो गया है। छूटे हुए मतदाताओं के सत्यापन के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र में 16 दिसंबर और 17 दिसंबर को शिविर लगाए। बीएलओ के माध्यम से प्रत्येक बी एल ए और ग्राम वासियों को शिविर की सूचना दें। मिसमैच मतदाता डुप्लीकेट और स्थाई रूप से शिफ्टेड मतदाता का इस शिविर में सत्यापन करें। मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के माध्यम से लगभग सभी मतदाताओं का सत्यापन हो गया है । इस कार्य को पूरा करने में रिटर्निंग ऑफिसर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर भी एल ओ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत सचिव तथा अन्य अधिकारियों कर्मचारियों ने बहुत मेहनत से कार्य किया है। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा में इस चुनौती पूर्ण कार्य को रीवा जिले में पूरा किया गया है। इसके लिए कलेक्टर सहित पूरी टीम बधाई की पात्र है। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी समिति प्रतिभा पाल ने बताया कि छूटे हुए मतदाताओं की संख्या बहुत कम है इन मतदाताओं के संबंध में ए आर ओ नोटिस जारी करेंगे मतदाता उपयुक्त दस्तावेज के साथ तहसील कार्यालय में अपनी जानकारी प्रस्तुत कर देता है तो उसका नाम मतदाता सूची में शामिल रहेगा इसके लिए सभी विधानसभा क्षेत्र में 16 और 17 दिसंबर को शिविर लगाए जा रहे हैं यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता तो सूची से किसी भी कारण से कट जाता है तो वह भी दावा आपत्ति के समय आवेदन देकर उपयुक्त दस्तावेज प्रस्तुत कर अपना नाम सूची में जुड़वा सकता है । निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 23 दिसंबर को किया जाएगा । इसके संबंध में 22 जनवरी तक दावे आपत्तियां प्राप्त करके उनका निराकरण किया जाएगा। छूटे हुए मतदाताओं को 14 फरवरी तक नोटिस देकर उनकी सुनवाई की जाएगी। इसके बाद मतदाता सूची का अंतिम रूप से प्रकाशन किया जाएगा । बैठक में विधायक मनगवां नरेंद्र प्रजापति ने घुमंतू बस्तियां के निवासियों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के संबंध में सुझाव दिए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक तथा जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष दुबे ने मतदाताओं के सत्यापन की प्रक्रिया की बिंदुवार जानकारी दी ।बैठक में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, उपायुक्त राजस्व एल एल अहिरवार सभी एसडीएम, विधायक रीवा के प्रतिनिधि राजेश पांडे अन्य विधायक गणों के प्रतिनिधि तथा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश जल संसाधन विभाग की 34वीं अंतरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ



**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से सकारात्मक वातावरण के निर्माण के साथ ही भाईचारे की भावना विकसित होती है। खेल गतिविधियों में भाग लेने वाले खिलाड़ी खेल भावना से खेलते हैं और हारने के बाद भी जीतने वाले को बधाई देते हैं। उप मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश जल संसाधन विभाग की 34वीं अन्तक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। स्पोट्र्स काम्पलेक्स में 6 दिनों तक आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं का शुभारंभ करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंचाई विभाग के अधिकारी व कर्मचारी अपने आपको शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रतिवर्ष करते हैं। रीवा में आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारी व कर्मचारियों का स्वागत करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा की पवित्र भूमि में आप सब पधारे हैं। इस भूमि के एक तरफ चित्रकूटधाम तथा दूसरी तरफ माँ विन्ध्यवासनी देवी विराजी हैं। रीवा को बाबा महामृत्युंजय, चिरहुलानाथ एवं रानीतालाब की माँ कालिका का आशीर्वाद है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में सोन और बीहर नदी का पानी अविरल रूप से बहता रहता है। बाणसागर बांध के बन जाने से सिंचाई की नहरों के माध्यम से किसानों के खेतों तक पानी पहुंच रहा है। अभी 3 लाख एकड़ क्षेत्र में पानी मिल रहा है शीघ्र ही 6 लाख एकड़ में पानी पहुंचने लगेगा और आगामी वर्षों में रीवा एवं मऊगंज जिले के 9 लाख एकड़ क्षेत्र में किसानों को पानी मिलेगा और एक-एक इंच भूमि सिंचित हो जायेगी। उन्होंने कहा कि सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि सिंचाई विभाग द्वारा ही हो रही है। मुझे खुशी है कि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी अपने आपको फिट रखने के लिए खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन करते हैं। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के मेहनत से ही प्रदेश में 54 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो रही है। आने वाले समय में एक करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी और प्रदेश का एक-एक इंच भाग सिंचित होगा और मध्यप्रदेश अग्रणी प्रदेश बनेगा। उन्होंने कहा कि रीवा में स्पोर्टस काम्पलेक्स के बन जाने के बाद विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन हो रहा है और खिलाड़ियों को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के अवसर मिल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जल संसाधन विभाग द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी संभागों के लगभग 600 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिनमें से 25 से अधिक विभागीय महिला खिलाड़ी भी शामिल हैं। प्रतियोगिता में फूटबाल, क्रिकेट, टेबिलटेनिस, लानटेनिस, शूटबाल, बालीवॉल, कबड्डी, बैडमिंटन एवं एथलेटिक्स की खेल गतिविधियाँ होंगी। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अभियंता ए.के. डेहरिया, अधीक्षण यंत्री मनोज तिवारी, संभागीय खेल अधिकारी एमके धौलपुरी सहित विभागीय अधिकारी व प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# रीवा से इंदौर के लिये इंडिगो एयरलाइन्स का विमान 22 दिसंबर को भरेगा उड़ान, उप मुख्यमंत्री ने भव्य शुभारंभ की तैयारियों की समीक्षा



**रीवा ।** रीवा से इंदौर के लिये सीधी विमान सेवा 22 दिसंबर से प्रारंभ होगी। इंडिगो एयरलाइन्स का विमान रीवा एयरपोर्ट से इंदौर के लिये 22 दिसंबर को रवाना होगा। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा एयरपोर्ट पहुंचकर भव्य शुभारंभ की तैयारियों का जायजा लिया तथा एयरपोर्ट एवं इंडिगो एयरलाइन्स के दिल्ली एवं मुंबई से आये अधिकारियों से व्यवस्थाओं, यात्री सुविधाओं एवं संचालन के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा से इंदौर हवाई सेवा विन्ध्य क्षेत्र की कनेक्टिविटी को नईगति देगा तथा विकास, व्यापार और पर्यटन के अवसरों को सशक्त बनाएगा। इससे विन्ध्य क्षेत्र के इंदौर में निवासरत हजारों नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी और इंदौर विमानतल से मुंबई, दिल्ली, जयपुर, अहमदाबाद, बैंगलोर आदि शहरों के लिए सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस हवाई सेवा से विन्ध्य क्षेत्र के सतना, सीधी, शहडोल, मऊगंज आदि क्षेत्रों के नागरिकों को व्यापार, व्यवसाय के साथ ही विद्यार्थियों को शिक्षा में सुविधा भी मिलेगी। इस अवसर पर रीवा एयरपोर्ट एवं इंडिगो के अधिकारी उपस्थित रहे।

# चाकू से जानलेवा हमलावर को 10 साल का कारावास

## गुढ थाना क्षेत्र के अमिरती गांव में सामने आई थी वारदात

रीवा।



हत्या करने के आशय से पेट व सीने में चाकू मारने वाले आरोपी को न्यायालय ने दस वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदण्ड से दण्डित किया है। प्रकरण की पैरवी कर रही लोक अभियोजक शशि तिवारी ने बताया कि वर्ष 2023 में गुढ़ थाना में आरोपी जब्बार खान पिता स्व दिलबहार उर्फ चमन खान 30 वर्ष निवासी ग्राम अमिरती थाना गुढ़ ने चाकू से जानलेवा हमला किया था, जिसे द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश आशीर्वाद मिलाला ने दस वर्ष की सजा सुनाई है। घटना 17 जनवीरी 2023 को हुई थी।

पीड़ित कल्लू खान, नजीरे खान की दुकान के अंदर तखत में बैठे हुए थे तभी उसके गाँव का जब्बार खान आया और उसके बब्बा के साथ गाली-गलौज करने लगा। बब्बा मना किये तो जब्बार अपने पास रखे हुए चाकू से (इस्तहार खान) को मारने लगा तब लोग दौड़कर बीच-बचाव किए। चाकू के हमले से इस्तहार खान के पेट और सीना में गंभीर चोट नगी थी। शिकायत के बाद पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला पंजीबद्ध किया था। पुलिस ने प्रकरण की विवेचना के बाद चालान न्यायालय में पेश किया। जिसके बाद न्यायालय ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को 10 साल का सश्रम कारावास एवं 5 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

## अस्पताल में फायर सेफ्टी सिस्टम की खुली पोल

# संजय गांधी अस्पताल की गायनी ओटी में भीषण आग

रीवा





रीवा स्थित संजय गांधी अस्पताल में शुक्रवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अस्पताल की गायनी विभाग की ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने की यह घटना दोपहर करीब 1 बजे की बताई जा रही है। आग की लपटें और धुएं का गुबार उठता देख अस्पताल परिसर में मौजूद मरीजों, उनके परिजनों और स्वास्थ्यकर्मियों में दहशत फैल गई। आग की सूचना मिलते ही अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी गई, जिसके बाद फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियाँ मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया। कई घंटे की मेहनत के बाद आग में काबू पाया गया । बता दे सुरक्षा को देखते हुए गायनी ओटी के आसपास स्थित वार्डों को तत्काल खाली करा लिया गया और मरीजों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया। अस्पताल के डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और प्रशासनिक अधिकारी राहत एवं बचाव कार्य में जुटे रहे।प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है, हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना के बाद अस्पताल की बिजली आपूर्ति को भी आंशिक रूप से बंद कर दिया गया। इस घटना ने एक बार फिर अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं और आपातकालीन इंतजामों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। संजय गांधी अस्पताल जैसे बड़े सरकारी स्वास्थ्य संस्थान में इस तरह की घटना से मरीजों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। मौके पर जिला प्रशासन के अधिकारी, अस्पताल प्रबंधन और दमकल विभाग की टीमें मौजूद रहीं।

# उप मुख्यमंत्री ने पूर्व सांसद डॉ. रामविलास वेदांती के स्वास्थ्य की जानकारी ली



**रीवा ।** उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पहुंचकर पूर्व सांसद डॉ. रामविलास वेदांती महाराज के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा चिकित्सकों से उनके उपचार के संबंध में पूंछतांछ की। उप मुख्यमंत्री ने पूर्व सांसद को बेहतर उपचार के लिये एम्स भोपाल भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश चिकित्सकों को दिये। उपमुख्यमंत्री जी के निर्देश पर डॉ. वेदांती जी को एयरलिफ्ट कर भोपाल ले जाया गया। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने डॉ. वेदांती को भोपाल रवाना कराया। इस दौरान डीन डॉ. सुनील अग्रवाल सहित चिकित्सक उपस्थित रहे।

# खंभे से अनियंत्रित होकर टकराई बाइक 1 की मौत, 1 घायल, मनगवां थाना क्षेत्र के डेल्ही का पास हुआ हादसा

**रीवा।** तेज रफ्तार में बाइक सवार सड़क किनारे खंभे से अनियंत्रित होकर टकरा गए। हादसे में एक वृद्ध की घटना स्थल पर ही जान चली गई। घटना मनगवां थाना क्षेत्र के डेल्ही गांव के समीप करीब 4 बजे हुई। बाइक सवार एक युवक घटना में घायल हुआ जिसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बाइक सवार अपने गांव सेमरी खुर्द जा रहे थे, जैसे ही वो डेल्ही के पास पहुंचे अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और तेज रफ्तार में खंभे से टकरा गई। घटना में सुखनंदन कोरी पिता विशाले कोरी 65 वर्ष निवासी सेमरी खुर्द की मौत हो गई जबकि रामसुशील कोरी गंभीर रूप से घायल है, जिसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक सवार युवक मनगवां की तरफ से वापस अपने गांव लौट रहे थे, जैसे ही वो डेल्ही के पास पहुंचे बाइक चालक वाहन से अपना नियंत्रण खो बैठा और बाइक तेज रफ्तार में बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचवाया जहां सुखनंदन को जांच के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है, जिसकी हालत नाजुक बनी हुई है। मनगवां पुलिस पूरी घटना की जांच कर रही है।

### कलेक्टर आज करेगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा ।** कलेक्टर प्रतिभा पाल 15 दिसंबर को टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेगी। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आरंभ होगी। बैठक में धान उर्पाजन, खाद वितरण, मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की भी समीक्षा की जायेगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

# बंधवा धान खरीदी केंद्र से दो पिकअप और मिनी ट्रक पुलिस ने जब्त किया





**मऊगंज।** जिले के नईगढ़ी विकासखंड अंतर्गत आने वाले बंधवा धान खरीदी केंद्र मे एक व्यापारी जब दो पिकअप और एक मिनी ट्रक में धान भरकर खरीदी केंद्र बंधवा पहुंचा तो उपस्थित किसानों एवं खरीदी केंद्र लगे कर्मचारियों को शंका हुई। जिसकी गोपनीय तौर से पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दी गई। नईगढ़ी थाना पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए धान से भरे तीनों वाहनों को थाने में खड़ा कराया गया है।

इधर व्यापारी पकड़ी गई धान को किसानों की धान बताने के लिए एड़ी चोटी लगाए हुए हैं।

गौरतलब है कि मऊगंज जिले में कुछ व्यापारी है जो अवैध रूप से उत्तर प्रदेश एवं क्षेत्र में सस्ते दाम पर धान खरीद कर कुछ किसानों को निश्चित कमीशन देकर उनके खाते में खरीदी केंद्रों में धान बेचने हैं। खरीदी केंद्र में व्यापारी द्वारा धान की बिक्री करने के प्रयास के दौरान ही पकड़े जाने पर अब सूत्रों की माने तो कुछ किसान थाना पहुंचकर यह बताने का प्रयास कर रहे हैं कि युक्त धान हमारी है, लेकिन यहां सबसे बड़ा सवाल या उठता है कि जब धान खरीदी केंद्र में पहुंची तब वह धान किसान की नहीं थी, व्यापारी द्वारा भी किसी भी किसान की धान को नहीं बताया गया। बल्कि उपार्जन केंद्र में अपने नाम से ही रजिस्टर में गाड़ी नंबर सहित धान को दर्ज कराया गया। अब पकड़े जाने पर उक्त व्यापारी द्वारा किसान की धान बताने का प्रयास चल रहा है।इधर बंधवा उपार्जन केंद्र में बिक्री होने से पहले व्यापारी की धान पकड़े जाने से अब कई व्यापारी जो अन्य धान खरीदी केंद्रों में अपनी धान किसानों के नाम बेचने की तैयारी कर रहे थे उनमें भी हड़कंप मच गया है।

## छुटे हुए सभी मतदाताओं का सत्यापन करें- कमिश्नर

# मऊगंज मे कमिश्नर ने मतदाता सूची के गहन परीक्षण की समीक्षा बैठक की

**मऊगंजः** रीवा संभाग की कमिश्नर बीएस जामोद ने कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में आयोजित बैठक में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि मऊगंज जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्र में छूटे हुए मतदाताओं की मतदान केंद्र बार सूची तैयार कर ली गई है। इनके सत्यापन के लिए 15 और 16 दिसंबर को शिविर लगाए ।



सभी बीएलओ इस सूची का वाचन करें । यदि कोई मतदाता उपलब्ध हो जाता है तो उसके सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करें। इसके बाद भी यदि मतदाता सत्यापन के शेष बचते हैं तो उन्हें नोटिस देकर तहसील कार्यालय में सुनवाई करके सत्यापन करें। मतदाता 13 तरह के दस्तावेज प्रस्तुत करके अपना सत्यापन करा सकते हैं। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 23 दिसंबर को किया जाएगा मतदाता सूची के संबंध में 22 जनवरी तक दावे और आपत्तियां दर्ज की जाएगी इस अवधि में भी छूटे हुए मतदाता अपना सत्यापन करा सकते हैं। मतदाता सूची के पुनरीक्षण में राजस्व अधिकारियों के साथ-साथ पूरी टीम में बहुत अच्छा कार्य किया है। बैठक में विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल ने कहा कि मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य कठिन था जिसे अधिकारियों और कर्मचारियों ने तत्परता से पूरा किया। जिसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी जनप्रतिनिधि प्रशासन को इस कार्य में पूरा सहयोग करेंगे। श्री पटेल ने आवश्यक सुझाव भी इस दौरान दिये। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार जैन ने बताया कि छूटे हुए मतदाताओं की संख्या बहुत कम है। इन मतदाताओं के संबंध में एआरओ द्वारा नोटिस जारी की जायेगी और मतदाता उपयुक्त दस्तावेज के साथ तहसील कार्यालय में अपनी जानकारी प्रस्तुत करेंगे तो उनका नाम मतदाता सूची में शामिल रहेगा। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता तो सूची से किसी भी कारण से कट जाता है तो वह भी दावा आपत्ति के समय आवेदन देकर उपयुक्त दस्तावेज प्रस्तुत कर अपना नाम सूची में जुड़वा सकता है । निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 23 दिसंबर को किया जाएगा । इसके संबंध में 22 जनवरी तक दावे आपत्तियां प्राप्त करके उनका निराकरण किया जाएगा। छूटे हुए मतदाताओं को 14 फरवरी तक नोटिस देकर उनकी सुनवाई की जाएगी। इसके बाद मतदाता सूची का अंतिम रूप से प्रकाशन किया जाएगा । बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र मिश्र, पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी, अपर कलेक्टर पी.के. पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर एपी द्विवेदी, एसडीएम हनुमना रश्मि चतुर्वेदी, एसडीएम मऊगंज राजेश मेहता सहित अधिकारी एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# निजी भूमि पर बना रहे रास्ता, जेसीबी से नष्ट कर दी फसल, पीड़ित लोगों ने कलेक्टर को शिकायती पत्र देकर की जांच की मांग

**रीवा।** निजी भूमि से रास्ता निकालने के लिए खड़ी फसल को जेसीबी से नष्ट कराने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर शिकायती आवेदन देकर जांच कर न्याय की गुहार लगाई है। भू स्वामी द्वारा स्थानीय प्रशासन पर जबरन निजी भूमि से रास्ता खुलवाने के लिए बोई हुई सरसों की फसल पर जेसीबी चला कर बर्बाद करने का आरोप लगाया,वहीं प्रशासन द्वारा शासकीय भूमि पर फसल लगाकर अतिक्रमण करने की बात कही जा रही है। पीड़ित परिवार मामले की शिकायत लेकर त्यौंथर से रीवा कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचा, जहां त्यौंथर एसडीएम व तहसीलदार पर जबरन खेत की फसल पर जेसीबी चलाने का आरोप लगाया साथ ही विरोध करने पर जूते मारने और अभद्रता किए जाने का भी आरोप लगाया है। मामला त्योंथर तहसील के वार्ड क्रमांक9 का है। स्थानीय निवासी विवेक सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड 9 में स्थित उनकी निजी भूमि से जबरन गांव के लिए रास्ता खुलवाया गया है। बताया गया कि गांव के लिए एक रास्ता पहले से ही है, जबकि कुछ स्थानीय लोगों के कहने पर प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा जबरन उसकी निजी भूमि से रास्ता निकाला जा रहा है। आरोप है कि शुक्रवार की शाम प्रशासनिक अधिकारी जेसीबी लेकर उसकी जमीन पर पहुंचे और करीब एक एकड़ में लगी सरसों की खाड़ी फसल को जेसीबी चला कर बर्बाद कर दिया गया। जिसका एक वीडियो भी पीड़ित ने दिखाया। आरोप है की घटना के दौरान पीड़ित परिवार की महिलाएं जेसीबी के सामने आ गई, जिन्हें पकड़कर किनारे हटाया गया। वहीं स्थानीय राजस्व अमले की माने तो गांव के रास्ते पर फसल लगाकर अतिक्रमण किया गया था, जिसे हटाकर आम रास्ते को खुलवाया गया है। फिलहाल आम रास्ते को लेकर हुए विवाद में अब प्रशासन और भूस्वामी दोनों आमने-सामने आ चुके हैं, जिसके बाद भू स्वामी ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मामले की जांच कर न्याय की मांग की है।